भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2145
दिनांक 19 मार्च, 2025/ 28 फाल्गुन, 1946 (शक) को उत्तर के लिए

एनसीआरबी द्वारा समय पर आंकड़े जारी करना

2145 श्रीमती रंजीत रंजन:
श्री हरीस बीरन:
श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:
श्री संजय सिंह:
श्री नीरज डांगी:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा वार्षिक अपराधिक आंकड़े जारी करने में देरी के क्या कारण हैं और इसके प्रकाशन की समयसीमा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान अपराध दर का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2023 के लिए "भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या" रिपोर्ट जारी करने की स्थिति क्या है और इसके प्रकाशन की समयसीमा क्या है;

(घ) "भारत में अपराध" और "भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या" रिपोर्ट की सटीकता, समयबद्धता और पारदर्शिता में सुधार के लिए क्या उपाय किए जा रहे;

(ङ) क्या सरकार आंकड़े संग्रह और प्रकाशन प्रक्रियाओं को कारगर बनाने के लिए डिजिटल समाधान या उन्नत विश्लेषण को अपनाने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) नीति निर्माण और कानून प्रवर्तन पर इस देरी का क्या प्रभाव पड़ेगा?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री बंडी संजय कुमार)

(क) से (च): एनसीआरबी तीन वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट जारी करता है, जिनके नाम हैं 'भारत में अपराध', 'भारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएँ ' और 'कारागार सांख्यिकी '। प्रकाशन एक कैलेंडर वर्ष के आंकड़ों को एकत्रित करते हैं, इसलिए, आंकड़ों के संग्रह की प्रक्रिया संबंधित वर्ष के पूरा होने के बाद ही

शुरू की जाती है । रिपोर्टों के लिए डेटा 89 डेटा आपूर्ति केंद्रों से एकत्र किया जाता है, जिसमें 36 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश और 53 महानगरीय शहर यानी 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर शामिल हैं। 2023 की रिपोर्टों के लिए डेटा सत्यापन अंतिम चरण में है।

"भारत में अपराध" रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों के दौरान अपराध दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

ब्यूरो द्वारा विकसित एक समर्पित सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से डेटा को डिजिटल रूप से एकत्र किया जाता है। इस सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के माध्यम से डेटा संग्रह और उसका समेकन/संकलन राज्यों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा जिला/राज्य में विभिन्न स्तरों पर किया जाता है और उसके बाद ब्यूरो द्वारा किया जाता है। राज्यों/संघ शासित प्रदेशों द्वारा प्रस्तुत डेटा को सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन में अंतर्निहित जाँच के माध्यम से विभिन्न स्तरों/चरणों पर बड़े पैमाने पर सत्यापित/मान्य किया जाता है। डेटा में विसंगति/असंगतता के मामले में, इसे पुनः सत्यापन के लिए संबंधित राज्य/संघ शासित प्रदेश को वापस भेजा जाता है। एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को विस्तृत प्रोफार्मा के अनुसार डेटा एकत्र करने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ब्यूरो द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ब्यूरो की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं।

भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत 'पुलिस' और 'सार्वजनिक व्यवस्था' राज्य के विषय हैं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा और अपराध और अपराधियों की जांच और अभियोजन की ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों के पास है। राज्य सरकारें मौजूदा कानूनों के प्रावधानों के तहत अपराधों से निपटने में सक्षम हैं।

*****

राज्य सभा अता.प्र.सं. 2145 दिनांक 19.03.2025

2020-2022 के दौरान कुल संज्ञेय आईपीसी और एसएलएल अपराधों के तहत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार पंजीकृत मामले (सीआर), अपराध दर (दर) [अनुबंध]

क्र	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कुल संज्ञेय आईपीसी अपराध						कुल संज्ञेय SLL अपराध						कुल आईपीसी और एसएलएल संज्ञेय अपराध					
		2020		2021		2022		2020		2021		2022		2020		2021		2022	
		सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर	सीआर	दर
1	आंध्र प्रदेश	188997	359.3	179611	339.9	158547	299.0	49108	93.4	42588	80.6	36737	69.3	238105	452.7	222199	420.4	195284	368.2
2	अरुणाचल प्रदेश	2244	147.4	2626	170.9	2308	148.8	259	17.0	413	26.9	453	29.2	2503	164.5	3039	197.7	2761	178.0
3	असम	111558	320.6	119883	341.0	59315	167.1	10051	28.9	13356	38.0	9622	27.1	121609	349.5	133239	379.0	68937	194.2
4	बिहार	194698	159.7	186006	150.4	211079	168.1	62814	51.5	96077	77.7	136756	108.9	257512	211.3	282083	228.0	347835	277.1
5	छत्तीसगढ	65216	223.1	70519	238.2	73822	246.5	37957	129.8	40114	135.5	47243	157.7	103173	352.9	110633	373.7	121065	404.2
6	गोवा	3393	218.5	2099	134.5	2711	172.8	973	62.7	892	57.1	968	61.7	4366	281.1	2991	191.6	3679	234.5
7	गुजरात	381849	552.0	273056	389.7	134600	189.8	317770	459.4	458682	654.6	389503	549.1	699619	1011.4	731738	1044.2	524103	738.9
8	हरियाणा	103276	353.5	112720	380.8	125435	418.6	89119	305.1	93711	316.5	117414	391.8	192395	658.6	206431	697.3	242849	810.4
9	हिमाचल प्रदेश	14803	201.1	13041	176.1	13231	177.8	5827	79.1	5792	78.2	5822	78.2	20630	280.2	18833	254.3	19053	256.0
10	झारखंड	51033	133.9	47684	123.4	48726	124.5	12537	32.9	13081	33.9	15633	39.9	63570	166.8	60765	157.3	64359	164.5
11	कर्नाटक	106350	159.9	115728	172.8	129461	192.1	43730	65.8	47969	71.6	51281	76.1	150080	225.7	163697	244.4	180742	268.1
12	केरल	149099	421.6	142643	401.4	235858	661.0	405625	1146.9	382317	1075.8	218978	613.7	554724	1568.4	524960	1477.2	454836	1274.8
13	मध्य प्रदेश	283881	338.9	304066	358.3	298578	347.6	144165	172.1	171852	202.5	190388	221.7	428046	511.1	475918	560.8	488966	569.3
14	महाराष्ट्र	394017	318.6	367218	294.3	374038	297.5	144986	117.2	173582	139.1	182974	145.5	539003	435.8	540800	433.5	557012	443.0
15	मणिपुर	2349	74.8	2484	78.3	3029	94.6	637	20.3	720	22.7	885	27.6	2986	95.0	3204	101.0	3914	122.3
16	मेघालय	2871	88.0	2672	81.1	2914	87.6	873	26.7	756	22.9	711	21.4	3744	114.7	3428	104.0	3625	109.0
17	मिजोरम	1787	148.1	2467	202.4	3587	291.6	502	41.6	729	59.8	546	44.4	2289	189.6	3196	262.2	4133	336.0
18	नागालैंड	1022	46.9	1033	47.0	1008	45.4	489	22.5	445	20.2	584	26.3	1511	69.4	1478	67.2	1592	71.8
19	ओड़िशा	108533	238.7	124956	272.9	143414	311.2	25697	56.5	30464	66.5	34776	75.5	134230	295.2	155420	339.4	178190	386.7
20	पंजाब	49870	165.2	46454	152.8	43738	142.9	33005	109.4	27127	89.2	29887	97.7	82875	274.6	73581	242.0	73625	240.6
21	राजस्थान	193279	245.9	214552	269.6	236090	293.5	67099	85.4	70017	88.0	76714	95.4	260378	331.2	284569	357.6	312804	388.8
22	सिक्किम	504	75.0	532	78.5	549	80.3	171	25.4	196	28.9	270	39.5	675	100.4	728	107.4	819	119.7
23	तमिलनाडु	891700	1170.7	322852	422.1	193913	252.8	485981	638.0	433901	567.3	279543	364.4	1377681	1808.8	756753	989.5	473456	617.2
24	तेलंगाना	135885	362.0	146131	386.9	151849	400.1	11619	31.0	12678	33.6	13981	36.8	147504	393.0	158809	420.5	165830	436.9
25	त्रिपुरा	4010	99.2	4133	101.3	3653	88.7	643	15.9	655	16.0	879	21.3	4653	115.1	4788	117.3	4532	110.1
26	उत्तर प्रदेश	355110	155.1	357905	154.5	401787	171.6	302815	132.3	250177	108.0	351888	150.3	657925	287.4	608082	262.4	753675	322.0
27	उत्तराखंड	13812	122.1	15704	137.3	16967	146.8	43520	384.7	19171	167.6	17640	152.6	57332	506.8	34875	304.9	34607	299.4
28	पश्चिम बंगाल	158060	161.7	157498	160.2	156503	158.5	24307	24.9	24323	24.7	24036	24.3	182367	186.6	181821	185.0	180539	182.8
	कुल राज्य	**3969206**	**301.8**	**3336273**	**251.2**	**3226710**	**240.7**	**2322279**	**176.6**	**2411785**	**181.6**	**2236112**	**166.8**	**6291485**	**478.4**	**5748058**	**432.7**	**5462822**	**407.6**
29	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	482	120.8	386	96.3	460	114.4	2060	516.3	946	235.9	1129	280.8	2542	637.1	1332	332.2	1589	395.3
30	चंडीगढ़	2583	215.6	2401	198.1	2941	240.5	671	56.0	594	49.0	717	58.6	3254	271.6	2995	247.1	3658	299.1
31	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	441	42.5	490	44.2	1184	98.6	92	8.9	89	8.0	89	7.4	533	51.3	579	52.3	1273	106.0
32	दिल्ली	249192	1226.4	291904	1410.0	300429	1424.1	16878	83.1	14485	70.0	19845	94.1	266070	1309.5	306389	1479.9	320274	1518.2
33	जम्मू और कश्मीर	25233	189.2	27447	204.2	25915	191.4	3678	27.6	4228	31.5	4282	31.6	28911	216.7	31675	235.7	30197	223.1
34	लद्दाख	387	130.7	519	174.2	439	146.8	16	5.4	40	13.4	39	13.0	403	136.1	559	187.6	478	159.9
35	लक्षद्वीप	107	157.4	89	130.9	64	92.8	40	58.8	39	57.4	33	47.8	147	216.2	128	188.2	97	140.6
36	पुदुचेरी	6725	434.2	3851	243.1	3237	199.7	1215	78.4	744	47.0	1321	81.5	7940	512.6	4595	290.1	4558	281.2
	कुल केन्द्र शासित प्रदेश	**285150**	**746.3**	**327087**	**842.7**	**334669**	**848.4**	**24650**	**64.5**	**21165**	**54.5**	**27455**	**69.6**	**309800**	**810.8**	**348252**	**897.2**	**362124**	**918.0**
	कुल (अखिल भारत)	**4254356**	**314.3**	**3663360**	**268.0**	**3561379**	**258.1**	**2346929**	**173.4**	**2432950**	**178.0**	**2263567**	**164.1**	**6601285**	**487.8**	**6096310**	**445.9**	**5824946**	**422.2**

स्रोत: भारत में अपराध